# अब टाटा स्टील टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन कहिये जनाब....

## यूनियन कार्यकारिणी की बैठक में यूनियन के नये नाम को दी गई स्वीकृति

## टाटा स्टील में टीसीआइएल के विलय के बाद यूनियन का भी नाम बदला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** देश की पहली टिनप्लेट कंपनी टीसीआइएल का टाटा स्टील में विलय होने के बाद इसकी मान्यता प्राप्त द गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन का नाम बदल गया है। अब यूनियन को टाटा स्टील टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के नाम से जाना जायेगा। अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने आज यूनियन का नाम परिवर्तित करने का प्रस्ताव नये नाम के साथ रखा जिसे कार्य समिति ने हर्षध्वनि से मंजूरी दे दी।

आज गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के प्रांगण में यूनियन के कार्यकारिणी के सदस्यों की बैठक यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे की अध्यक्षता में हुई। सर्वप्रथम पिछले दिनों अपने से बिछड़े हुए साथियों की याद में दो मिनट का मौन धारण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मीटिंग की कार्रवाई शुरू होने से पहले अध्यक्ष राकेश्वर पांडे जी ने सबसे पहले टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन एवं प्रबंधन की पूरी टीम को टिनप्लेट कंपनी अफ इंडिया लिमिटेड को टाटा स्टील लिमिटेड टिनप्लेट डिवीजन के रूप में समायोजित करने पर धन्यवाद दिया और कहा कि इसमें हमारे टिनप्लेट कंपनी के सभी कर्मचारी भाई बहुत ही खुश हैं एवं टाटा स्टील प्रबंधन का धन्यवाद करते हैं। जिस तरह टिनप्लेट कंपनी के कर्मचारियों पर टाटा स्टील प्रबंधन ने अपना विश्वास करके इस कंपनी को अपने में समायोजित किया है इससे सभी कर्मचारियों का भविष्य उज्जवल एवं सुरक्षित हो गया है और उन्होंने टाटा स्टील प्रबंधन के इस विश्वास को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उत्पादन एवं उत्पादकता को और अधिक बढ़ाने पर जोर दिया।


कार्य समिति की बैठक को संबोधित करते अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय।

**बैठक में टाटा स्टील प्रबंधन से निम्न मांगें रखी गईं :** 1.जिस तरह से स्थाई कर्मचारियों में टाटा मेन हस्पिटल की सुविधा बहाल हुई इस तरीके से कंपनी से अवकाश प्राप्त कर्मचारीयों एवं उनके परिवार के सदस्य को भी टाटा मेन हस्पिटल की सुविधा दिलवाने के लिए जोर दिया गया।

2. कंपनी में कर्मचारियों के बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए स्कूल बस को फिर से शुरू करने की मांग की गई।

3.जिस भी डिपार्टमेंट में मैन पावर की कमी है उसमें जल्द से जल्द मैन पावर को पूरा करने की बात की गई।

4.यूनियन एवं प्रबंधन के बीच में होने वाली सभी ज्वाइंट कमेटी की मीटिंग को अपने समय अनुसार करवाने पर जोर दिया।

5. कैंटीन एवं अस्पताल में आधुनिकीकरण एवं नई-नई सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया गया।

6.1 अप्रैल 2024 से जो कर्मचारीयों का ग्रेड प्रभावी होगा उस ग्रेड को जल्द से जल्द एवं कर्मचारियों के भविष्य को देखते हुए अच्छा ग्रेड बनाने पर जोर दिया गया।

6.नौकरी के बदले नौकरी एवं मैट्रिक पास कर्मचारियों के बच्चों की बहाली करवाने की बात कही गई।

**बैठक में उपस्थित पदाधिकारी :** उपाध्यक्ष परविंदर सिंह सोहल, यूनियन के महामंत्री मनोज कुमार सिंह, वाइस प्रेसिडेंट सतनाम सिंह, गौतम दे, मुन्ना खान संयुक्त सचिव ए रमेश राव, वकील खान,साईं बाबू राजू, जगजीत सिंह, संजय कुमार सिंह, भूपेंद्र कुमार सिंह राजकुमार सिंह,संग्राम किशोर दास,कलाम नबी खान,संजीव प्रसाद, जयशंकर सिंह,रणजीत सिंह बलदेव सिंह, राकेश कुमार दिलबागी,श्रीमती इरावती लकड़ा, अमृत कुमार झा, सुजीत कुमार दास, निरंजन महापात्र, फतेहचंद माझी, सुकेश कुमार मिश्रा, एम शेखर, गजराज सिंह, कुंदन कुमार सिंह, नवल किशोर सिंह, नवजोत सिंह सोहल, विनय कुमार साहू,अनिल कुमार, सूर्यभूषण शर्मा मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### हेमंत सोरेन पर ईडी की कार्रवाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति का प्रमाण : ओझा

**जमशेदपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। ईडी की टीम ने जमीन घोटाला मामले में करीब 7 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर भाजपा जमशेदपुर के नव मनोनीत अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे राजकीय शर्म का विषय बताया है। उन्होंने सेना के जमीन को फर्जी नाम से अपने नाम पर लेने को पूरे राष्ट्र के साथ धोखा बताया। कहा कि ईडी द्वारा हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के भ्रष्टाचार पर जीरो टलरेंस नीति का प्रमाण है। यह पीएम मोदी की गारंटी का परिणाम है जिससे ये स्पष्ट है कि अगर किसी ने भ्रष्टाचार किया है तो वे चाहे मुख्यमंत्री पद पर रहे या किसी भी ताकतवर पद पर रहे, वे बच नही सकते।

### लॉटरी के टिकट और नकद 6.20 लाख रुपये के साथ कार समेत दो गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** गत 31 जनवरी को वरीय पुलिस अधीक्षक को प्राप्त सूचना अनुसार परसुडीह थाना गेट के सामने मुख्य सड़क पर एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान लाल रंग के रेनल्ट क्विड कार रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 05बीटी 9950 को रोका गया तथा जांच के दौरान कार से कुल 17 बंडल में कुल 620440 रुपया, लॉटरी टिकट बरामद हुआ । पूछताछ के क्रम में कार में मौजूद दोनों व्यक्ति 1.राजा लकड़ा 2.चामो समद उर्फ तांता के द्वारा बताया गया की ये आज जमशेदपुर के साकची, बिस्तुपुर से अवैध रूप से लटरी की खरीद बिक्री करते हुए चाईबासा की ओर जा रहे थे । पकड़े गए दोनो व्यक्तियों के पास से एक पर्स और दो मोबाइल भी बरामद किया गया है। पूछताछ से पता चला कि उक्त दोनों के अलावा सिकंदर यादव, गोलमुरी के नबी, साकची के बापी, भुइयांडीह के संतोष तथा अन्य लोग भी इस सरगना के मुख्य सदस्य हैं।

### आजसू पार्टी टेल्को मंडल का हुआ गठन, प्रमोद चौबे अध्यक्ष

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को दोपहर 12 बजे टेल्को स्थित होटल हाई स्काई में आजसू पार्टी की बैठक हुई बैठक में सर्वसम्मति से आजसू पार्टी टेल्को मंडल का गठन किया गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अथिति आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह थे। उनके अलावा बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के राजेश कर्मकार, डोमन टुडू, अप्पू तिवारी, संतोष सिंह, आकाश सिन्हा, हेमंत पाठक, सुनीता सिंह, चंद्रेश्वर पांडेय, सुधीर सिंह, साहेब बागती समेत अन्य मौजूद रहे । आजसू पार्टी द्वारा बनाई गई टेल्को मंडल कमिटी इस प्रकार है अध्यक्ष - प्रमोद चौबे, सचिव- गोपी ढिल्लन, उपाध्यक्ष - विकास पांडेय, अविनाश पांडेय, गोबिंद राय, शिवम सिंह, संगठन सचिव - रोहित उपाध्याय , सह सचिव - अभिषेक अधिकारी, अंकित चौबे, कोषाध्यक्ष - राजीव कुमार शर्मा, रोहित कुमार रजक सोशल मिडिया प्रभारी - अजय गिरी, कार्य समिति सदस्य - विकास पाठक, धनंजय दुबे, प्रिंस कुमार , राहुल नाग, रमन कुमार नगर समिति के लिए पूर्व मंडल अध्यक्ष विनय सिंह,संजीव सिन्हा की नाम पर सहमति हुआ है।

# सस्टेनेबल खनन अभ्यासों के क्षेत्र में टाटा स्टील की भूमिका सराहनीय : डा. वीके सारस्वत

## टाटा स्टील की मेजबानी में माइनिंग एंड बेनेफिसिएशन टेक्नोलॉजी पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने आज बेल्डीह क्लब, जमशेदपुर में माइनिंग एंड बेनेफिसिएशन टेक्नेलजी (एमबीटी-24) पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन अफ इंडिया (एमईएआई), बड़ाजामदा चौप्टर के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन में उद्घाटन सत्र के दौरान मुख्य अतिथि पद्म भूषण डा.वीके सारस्वत, सदस्य, नीति आयोग उपस्थित थे। अन्य प्रतिष्ठित अतिथियों में डा.देबाशीष भट्टाचार्जी (वाईस प्रेसिडेंट, टेक्नेलजी एंड रिसर्च एंड डेवलपमेंट, टाटा स्टील), डी बी सुंदरा रामम,(वाईस प्रेसिडेंट, र मटेरियल्स, टाटा स्टील), पी के त्रिपाठी, (चीफ रॉ मटेरियल्स प्रोसेस टेक्नेलजी, टाटा स्टील) और अतुल भटनागर, जनरल मैनेजर (ओर माइंस एंड क्वैरीज डिवीजन,टाटा स्टील) उपस्थित थे। यह प्रमुख सम्मेलन डिजिटल युग में खनन, तकनीकी हस्तक्षेप, डी-कार्बोनाइजेशन, बेनेफिसिएशन में वृहद् रुझान, स्मार्ट प्लांट अपरेशन्स और महत्वपूर्ण खनिजों की रिकवरी सहित अत्याधुनिक विषयों को संबोधित करेगा। 50 से अधिक वैश्विक संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले 200 से अधिक प्रतिभागियों के साथ, एमबीटी-24 माइनिंग एंड बेनेफिसिएशन से संबंधित महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चर्चा, विचार-विमर्श और आदान-प्रदान के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है।

उद्घाटन सत्र के दौरान अपने संबोधन में, नीति आयोग के सदस्य डा वी के सारस्वत ने सर्कुलरिटी और सस्टेनेबल खनन अभ्यासों आदि को शुरू करने के क्षेत्र में टाटा स्टील की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कार्बन न्यूट्रैलिटी के संबंध में सरकार के फोकस पर विस्तार से बात की, जो उन्नत तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

डी बी सुंदरा रामम, वाईस प्रेसिडेंट, र मटेरियल्स, टाटा स्टील ने ऐसे सार्थक सम्मेलन के आयोजन के महत्व के बारे में बात की जो आकर्षक चर्चाओं और उपयोगी आदान-प्रदान का मार्ग प्रशस्त करेगा, और इस प्रकार माइनिंग एंड बेनेफिसिएशन क्षेत्र की प्रगति में योगदान देगा।

उद्घाटन दिवस पर भारत और विदेश दोनों से उद्योग और शिक्षा जगत के दिग्गजों ने अपने संबोधन प्रस्तुत किये। दूसरे दिन आकर्षक तकनीकी सत्र होंगे, जिसमें पांच मुख्य प्रस्तुतियाँ, एक पैनल चर्चा और प्रतिभागियों द्वारा 28 तकनीकी प्रस्तुतियाँ शामिल हैं।

सम्मेलन माइनिंग एंड बेनेफिसिएशन में नवीनतम प्रगति पर केंद्रित है, जो 8 पूर्ण, 10 की नोट्स, 37 तकनीकी पेपर प्रस्तुतियों और दो पैनल चर्चाओं के माध्यम से एक विशेष तकनीकी मंच प्रदान करता है।

विशिष्ट अतिथियों द्वारा ''एमबीटी'24 इंटरनेशनल कन्फ्रेंस अन माइनिंग एंड बेनिफिसिएशन टेक्नेलजी (एमबीटी) बुक अफ एब्स्टारैक्ट्स'' नामक पुस्तक का भी अनावरण किया गया। सम्मेलन के दौरान इस सेक्टर में काम करने वाली कंपनियों के प्रौद्योगिकी उत्पादों को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया।






नीति आयोग के सदस्य डा वीके सारस्वत की आगवानी करते टाटा स्टील के वीपी डीबी सुंदर रामम, सम्मेलन को संबोधित करते डा वीके सारस्वत।

# रांची के राजनीतिक संकट के बीच नगर लौटे विधायक सरयू राय

## डीसी ऑफिस पर देंगे धरना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा जमशेदपुर महानगर की अहम बैठक जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हिंदुस्तानी संघ टुइलाडुंग्री में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय उपस्थित हुए। बैठक में सर्वप्रथम राज्य में राजनीतिक संकट के बाद उत्पन्न हुई परिसतिथि पर गहन चर्चा हुई. बदलते राजनितिक घटनाक्रम में जमशेदपुर शहरवासियों व शहर की व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार-विमर्श किया गया और इन परिस्तिथियों में पार्टी कार्यकर्ताओं को अपनी भुमिका को लेकर दिशा-निर्देश दिया गया। सरयू राय ने जिला के पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों को संगठन को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिया। मंडलों में संगठानिक बैठक नियमित रूप से करने को लेकर भी निर्देशित किया।

श्री राय ने कहा कि केबुल टाउन इलाके में घर-घर बिजली संयोजन को लेकर वे काफी लंबे समय से प्रयासरत है। उन्होनें कहा की लगातार इम मुद्दे को बैठकों व विधानसभा सत्र में उठाने का प्रतिफल है कि टाटा कंपनी ने घर-घर विद्युत संयोजन प्रदान करने की सहमती दे दी थी। इस योजना के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है किंतु कार्य प्रारंभ करने के लिए अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। टाटा कंपनी ने इसी इलाके में घर-घर पानी कनेक्शन प्रदान कर दिया है। घर-घर बिजली संयोजन वर्षों पुरानी मांग है। पुरे जमशेदपुर शहर में केवल केबुल टाउन का इलाका है जहाँ बिजली नहीं पहुँची है। 9 पाइंट से बिजली लोगो के घर तक दी जाती है जो उपभोक्ता को 15 गुना महंगी पड़ती है। बिजली के तारों व अन्य उपकरणों की मरम्मत नहीं होती है. जिसे देखते हुए हमने तय किया है केबुल टाउन घर-घर बिजली संयोजन के कार्य को यथाशीघ्र प्रारंभ करवाने के लिए वृहत आंदोलन डीसी आफिस के समक्ष किया जाएगा और आंदोलन की तिथि जल्द तय कर ली जाएगी।

श्री राय ने जमशेदपुर शहर में नाला आधारित विकास की योजना पर जोर दिया। श्री राय ने कहा की जमशेदपुर शहर की प्रुमख समस्या नालों की है। बरसात में नाले उफन जाते है और घरों में पानी प्रवेश करता है। बड़े नालों एवं छोटे नालों का विकास अत्यंत आवश्यक है। इस विषय पर आगामी दिनों में रूपरेखा तय कर आंदोलन कर इस मांग को पुरजोर ढंग से प्रशासन के समक्ष उठाया जाएगा।

# सीएसआईआर-एनएमएल में लिथियम बैटरी रीसाइक्लिंग संयंत्र का उद्घाटन

## नीति आयोग के सदस्य डा वीके सारस्वत ने किया संयंत्र का उद्घाटन


संयंत्र का उद्घाटन करते डॉ. वीके सारस्वत।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** नीति आयोग,भारत के सदस्य एवं देश के प्रख्यात वैज्ञानिक डा. वीक़े. सारस्वत ने सीएसआईआर-एनएमएल की अपनी पहली यात्रा में, नीलडीह परिसर में क्रिटिकल मेटल प्रोसेसिंग पायलट स्केल सुविधा में स्थापित सीएसआईआर की पहली बैटरी डिसमेंटलिंग और मेटल एक्सट्रैक्शन सेटअप का उद्घाटन किया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में आर. सरवनभवन (नीति आयोग), डा. एनस़ी. मुर्मू (निदेशक, सीएसआईआर-एनएमएल), डा. संजय कुमार, डा एस.शिवप्रसाद, डा. प्रतिमा मेश्राम और बैटरी रीसाइक्लिंग परियोजना से जुड़े अन्य सदस्य भी शामिल थे। डा.सारस्वत ने इस कार्य की सराहना की और बैटरी निर्माण में आत्मनिर्भरता हेतु आत्मानिर्भर दृष्टिकोण को साकार करने के लिए संयंत्र को और बड़ी क्षमता में बदलने की आवश्यकता का उल्लेख किया। इसके साथ ही, उन्होंने सीएसआईआर-एनएमएल का दौरा किया और युवा वैज्ञानिकों और वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि सीएसआईआर-एनएमएल शहरी खनन, रेड मॅड, लिथियम-आयन रीसाइक्लिंग और मैग्नीशियम निष्कर्षण में उत्पष्ट कार्य कर रही है। उन्होंने महत्वपूर्ण खनिजों, धातुओं और सामग्रियों में काम करने हेतु वैज्ञानिकों को प्रशिक्षित करने और बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे आयात प्रतिस्थापन को कम करके भारतीय अर्थव्यवस्था को मदद मिलेगी। रेड मड रीसाइक्लिंग में नीति आयोग पर टास्क फोर्स के अध्यक्ष होने के नाते, उन्होंने रोटरी भट्ठी, लीचिंग और स्मेल्टिंग जैसे विभिन्न चल रही यूनिट संचालन का दौरा किया और रेयर अर्थ निष्कर्षण की दिशा में प्रक्रिया को तेज करने हेतु सीएसआईआर-एनएमएल पर जोर दिया।

## विद्या भारती चिन्मया विद्यालय के 45 वें स्थापना दिवस पर

# प्राइमरी कन्सर्ट में नन्हें छात्रों ने बांधा शमां

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** विद्या भारती चिन्मय विद्यालय, टेल्को कालोनी ने 1 फरवरी, 2024 को अपना 45वां स्थापना दिवस मनाया। दिवस विशेष पर पूजा अनुष्ठान के साथ विद्यालय की नींव रखने वाले सभी विशिष्ट जनों को उनके अमूल्य योगदान के लिए उनके प्रति तज्ञता व्यक्त करते हुए सम्मान पूर्वक स्मरण किया गया। उत्पष्टता के इन 45 वर्षों को चिह्नित करने के लिए एक्सीडिंग ह्यूमन एक्सीलेंस थीम पर आधारित वार्षिक प्राइमरी कन्सर्ट स्प्राइटली स्ट्रिपलिंग्स का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन के लिए मुख्य अतिथि डा. देविंदर पदन, महाप्रबंधक फाउंड्री, टाटा मोटर्स लिमिटेड, विष्णु चंद्र दीक्षित-सचिव, विद्यालय प्रबंध समिति तथा विद्यालय प्रबंध समिति के अन्य सदस्य एवं विद्यालय प्राचार्या मीना विल्खू, उप प्राचार्य मानसिंह, तापस चक्रवर्ती, वाई श्रीनिवास एवं डा. सरिता सिंह तथा अन्य विशिष्ट जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना नृत्य के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथि सम्मान, प्राचार्या मीना विल्खू द्वारा औपचारिक स्वागत भाषण तथा सत्र 2023-2024 का उपलब्धि सारांश प्रस्तुत किया गया।



रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।


कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण व अभिभावक।

दिवस विशेष पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका इपॉक का विमोचन किया गया। उक्त कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा पांचवी तक के नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे सुंदर परिधानों में सजे विविध मनोरंजक कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

इंडो जापानी फिएस्टा, जिसमें मोमोटारो खुशी और ब्रह्मांडीय शांति के 7 संकेतों की तलाश करती है, की एक सुंदर प्रस्तुति हुई। प्राचार्या मीना विल्खू के अनुसार विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में सदैव कार्य करता रहा है। विद्यालय के योग्य शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को उत्पष्टता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित, पोषित और सशक्त बनाने तथा शिक्षकों का शिक्षा के प्रति जुनून, अटूट समर्पण और प्रतिबद्धता ही विद्यालय की सफलता की आधारशिला है।

# अंतरिम बजट को व्यापार जगत ने सराहा, चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद ने कहा-बजट प्रगतिशील

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारत सरकार की आंतरिम बजट 2024 में प्रस्तुत का मुख्य ध्यान अर्थव्यवस्था के विकास पर था, जिससे व्यापारिक परिवेश को प्रोत्साहित किया जा सके। आंतरिम बजट 2024 ने अवसरी संरचना विकास, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, और ग्रामीण सशक्तिकरण के लिए भारी राशियों का प्रदान किया, जो सरकार की समावेशी और सतत विकास की प्रति संकेतक है। सिंघभूम चौम्बर्स का कहना है कि ये निवेश सिर्फ आर्थिक गतिविधि को ही मजबूत नहीं करेगा, बल्कि राष्ट्र के नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को भी बढ़ावा मिलेगा। विजय आनंद मूनका, अध्यक्ष ने कहा, ''हम आंतरिम बजट 2024 में प्रस्तुत की गई उपायों का स्वागत करते हैं, जो हमारी अर्थव्यवस्था के सामने चुनौतियों और अवसरों के एक व्यापक समझ का परिचय देते हैं। संरचनात्मक, स्वास्थ्य देखभाल, और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संसाधनों का आवंटन दीर्घकालिक विकास और समृद्धि के लिए मजबूत आधार रखेगा।''

पूर्व अध्यक्ष मुरलीधर केडिया ने कहा कि अंतरिम बजट एजुअल रिपोर्ट है जिसमें सरकार ने बताया है कि आ रहे करों को देश में किस प्रकार खर्च किया जायेगा। पूर्ण बजट केंद्र में नयी सरकार के ग ठन के बाद पेश होगा। अंतरिम बजट में जो भी प्रावधान किए गए हैं वो विकसित भारत के सपने के अनुरुप हैं। आधारभूत संरचना और गरीबी उन्मूलन पर सरकार ने ज्यादा खर्च करने का निर्णय लिया है जो सराहनीय है। इससे लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी। क्रय शक्ति बढ़ेगी तो उसी के अनुरुप महंगाई भी बढ़ेगी।


चैम्बर भवन में अंतरिम बजट का प्रसारण देखते मुरलीधर केडिया, अध्यक्ष विजय आनंद मूनका व अन्य पदाधिकारी।

सिंहभूम चैम्बर्स के टैक्स एंड फाइनेंस के उपाध्यक्ष अधिवक्ता राजीव अग्रवाल ने कहा कि केंद्र बजट में गुस्ताखी प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में काम करेगा और व्यापारियों को डायरेक्ट और इंडायरेक्ट टैक्सेज के फर्म्स में सरलता में फोकस करेगा। टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

टैक्स एंड फाइनेंस के सेक्रेटरी अधिवक्ता अंशुल रिंगसिया ने बताया कि इनकम टैक्स में उन बकाया प्रत्यक्ष कर मांग की वापसी जो 2009-10 वित्तीय वर्ष से पूर्व के समय तक 25,000 रुपये तक और 2010-11 से 2014-15 तक के समय तक 10,000 रु- तक है, उसे खत्म कर दिया जाएगा।

आज सिंघभूम चेम्बर्स में की आंतरिम बजट मैं अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, पूर्व अध्यक्ष श्री एमड़ी. केडिया, उपाध्यक्ष अनिल मोदी, अधिवक्ता राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सचिव भरत मकानी, अधिवक्ता अंशुल रिंगसिया, विनोद शर्मा, सुरेश शर्मा लिपु, कोषाध्यक्ष सीए अनिल कुमार अग्रवाल, सीए रमाकांत गुप्ता, सतीश कुमार सिंह, राजेश मित्तल, रवि झुनझुनवाला, सौरव सोंथालिया, राजेश कुमार अग्रवाल, आरक़े. अग्रवाल, उमेश खिरवाल, सीए पीयूष गोयल, मनीष आगीवाल, सीए मनीष मूनका, सीए बिनोद सरायवाला, महेश खिरवाल, सीए महेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, सीए गोविंद अग्रवाल, सीए प्रतीक अग्रवाल, पवन नरेडी, सुरेश नरेडी के अलावा काफी संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे।

# अंतरिम बजट में बुनियादी ढांचे पर पूंजीगत व्यय बढ़ाना सराहनीय : टीवी नरेंद्रन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील लिमिटेड के एमडी एंड सीइओ टीवी नरेंद्रन ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज बुनियादी ढांचे पर पूंजीगत व्यय बढ़ाने की घोषणा का स्वागत किया है। नरेंद्रन ने यहां जारी एक बयान में कहा है, यह एक स्वागत योग्य कदम है, जिसका देश की समग्र अर्थव्यवस्था पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा। पीएम गति शक्ति योजना के तहत तीन आर्थिक रेलवे करिडोर विकसित करने के प्रस्ताव के साथ-साथ ग्रामीण आवास का निरंतर विस्तार अन्य महत्वपूर्ण कदम हैं जो स्टील की मांग को बढ़ावा देंगे, नौकरियां पैदा करेंगे और कनेक्टिविटी और लजिस्टिक्स में सुधार करेंगे। यह देखकर खुशी होती है कि सरकार 'विकसित भारत' में योगदान देने वाले हर क्षेत्र पर जोर दे रही है, जिसे देश के पूर्वी हिस्से पर विशेष ध्यान देने से रेखांकित किया गया है।


टीवी नरेंद्रन।

## स्पीड न्यूज

### जिलाध्यक्ष आज ग्रहण करेंगे पदभार

**मेदिनीनगर।** भाजपा पलामू जिला कार्यालय में नव नियुक्त जिलाध्यक्ष अमित तिवारी का पदभार ग्रहण समारोह दिनांक 2 फरवरी को अपराह्न 1 से आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी भाजपा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने दी। बताया कि पदभार ग्रहण समारोह में भाजपा पलामू के जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक श्री तिवारी को पदभार देंगे।

### जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ने डीएवी के प्राचार्य को किया सम्मानित



**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी स्कूल के प्राचार्य डॉ जी एन खान को रांची डीएवी जोन आई के क्षेत्रीय पदाधिकारी बनाये जाने पर पलामू जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इसमें अध्यक्ष विनोद सिंह, सचिव राजन सहाय, कोच रंजन प्रसाद शामिल थे। विनोद ने कहा कि प्रचार्य की देखरेख एवं मार्गदर्शन में डीएवी ई जोन काफी आगे जायेगा।

### झोलाछाप डॉक्टर कर रहे जान से खिलवाड़



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के कई पंचायतों का उप प्रमुख सुनील सिंह ने पंचायतों में अवैध तरीके से बिना लाइसेंस धारी झोला छाप डॉक्टर द्वारा चलाये जा रहे क्लिनिक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई प्रकार की त्रुटि पायी। श्री सिंह ने कहा कि झोला छाप डॉक्टर सुदूरवर्ती क्षेत्र में भोले भाले ग्रामीण का इलाज कर पैसा उगाही कर रहे हैं। न ही इनके पास चिकित्सा विभाग द्वारा लाइसेंस हैं और नही पढ़ाई की योग्यता है।

### बच्चों ने किया बेतला राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण



**सतबरवा।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कर्मा के बच्चों ने बेतला राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण गुरुवार को किया और उसके विषय में जानकारी ली। मौके पर सीआरपी सुधीर मिश्रा ने बच्चों को बेतला नेशनल पार्क के विषय में विस्तार पूर्वक बताया और उन्हें कई स्थानों पर भ्रमण कराया। इस दौरान बच्चे काफी खुश और उत्साहित थे। वहीं बेतला नेशनल पार्क में लगी जानवरों की मूर्तियों के साथ बच्चों ने फोटोग्राफ लिये और काफी आनंद उठाया। भ्रमण में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मो सलीमुद्दीन अंसारी, मो कुतुबुद्दीन अंसारी, सेठा महतो, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जुमन मियां थे।

### ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच का जागरूकता अभियान पहुंचा चैनपुर



**चैनपुर पलामू।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच पलामू प्रमंडल ने आगामी 11 फरवरी दिन रविवार को शिवाजी मैदान डाल्टनगंज में 9 बजे पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता व अधिकार महासम्मेलन की तैयारी के लिए की चलायी जा रही रथ यात्रा के तहत आमंत्रण रथ पलामू जिला के चैनपुर प्रखंड पहुंचा। आमंत्रण रथ चैनपुर प्रखंड के ग्राम बंधुआ पंचायत, खोहरी, बूडीबीर, कोमानी, केवाल, कोडुवाडी, सलटवा वासियों से अनुरोध किया कि 11 फरवरी को 9 बजे शिवाजी मैदान मेदिनीनगर डालटेनगंज पलामू में भारी से भारी संख्या में उपस्थित होकर ओबीसी जागरूकता रथ यात्रा अभियान सह महासम्मेलन में भाग लेकर महासम्मेलन को सफल बनायें। मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रमंडलीय अध्यक्ष, मुस्तकीम अंसारी, धीरज चंद्रवंशी, भूपेंद्र चौधरी, पंचायत समिति सरिता देवी, भवन चौधरी अमरजीत राम, गुड्डू खान, उपेंद्र चंद्रवंशी आदि ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

### 67वां नेशनल स्कूल गेम में हिस्सा लेंगे संत मरियम के रौशन कुमार



**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के समन्वयक अमरेंदर श्रीवास्तव और वरिष्ठ शिक्षिका प्रीति सिंह ने कक्षा 8वीं का छात्र रोशन कुमार को तिलक लगा कर 67वां नेशनल स्कूल गेम के लिए रवाना किया। मौके पर रोशन ने तमाम शिक्षकों एवं मैनेजमेंट टीम को धन्यवाद देते हुए कहा स्कूल में वह शिक्षा के साथ-साथ गतका खेल का भी प्रशिक्षण प्राप्त करता था। स्कूल के शारीरिक शिक्षक सुमित बर्मन ने कहा कि रोशन झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर 17 में फेरी सोती खेलेंगे। जिसमें आने और जाने एवं रहने का सारा खर्च झारखंड सरकार देगी। 2 फरवरी को रांची से 32 गतका खिलाड़ी छत्तीसगढ़ के लिए रवाना होंगे उनके साथ झारखंड से दो कोच बोकारो के राजीव सिंह और धनबाद के पप्पू सिंह और झारखंड सरकार द्वारा प्रतिनियुक्ति एक टीम मैनेजर सभी खिलाड़ियों को लेकर छत्तीसगढ़ के लिए रवाना होंगे।

### चार अवैध ईंट भट्टे ध्वस्त, प्राथमिकी दर्ज



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा मनातू के करमाही घंघरी व हरकटुवा में अवैध रूप से संचालित चार चलंत चिमनी ईट भट्ठों पर कार्रवाई की गयी। सभी अवैध ईट भट्ठों को ध्वस्त करते हुए 9 लाख कच्चा ईटा, 4 लाख 50 हजार पक्का ईटा, समेत 255 टन कोयला जब्त किया गया।

**संचालनकर्ता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज, अवैध रूप से खनिज भी हुए जब्त :** डीएमओ ने मनातू थाने में करमाही मौजा के ग्राम डुमरिया निवासी राज ब्रिक्स के संचालक समीम मियां के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए इनके यहां से 3 लाख कच्चा ईट,पक्का ईट-2 लाख एवं एक सौ टन कोयला जब्त किया गया है .इसी तरह करमाही मौजा के ग्राम मसुरिया के सिना यादव के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज करते हुए कच्चा ईट-50 हजार, पक्का ईट-1 लाख व 25 टन कोयला जप्त किया गया है। वहीं जेएमडी ब्रिक्स संचालक घंघरी निवासी राजेश यादव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करायी गयी।

# श्री बागेश्वर सरकार कार्यक्रम की तैयारी शुरू

■ श्री बागेश्वर सरकार का कार्यक्रम एक इतिहास रचेगा : अरुणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हनुमंत कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर बागेश्वर धाम के सेवादार श्री नितेश सिंह समिति के सचिव श्री दीनानाथ समिति के सदस्य अतुल सिंन्हा, मंटू शरद शरण एवं कमलेश सिंह ने आज रांची एवं बाहर से आए पंडाल बनाने हेतु ठेकेदार के साथ औरनार गांव जाकर स्थल निरीक्षण किया। प्रथम महापौर सह संयोजक अरुणा शंकर ने स्थल पर मीडिया को बताया हमारी पूरी टीम एक एक बारीकियों पर ध्यान रखकर कार्य कर रही है। हम सब आज बाहर से आए एक्सपर्ट के साथ बिजली, पानी, सड़क, शौचालय पर्किंग, प्रतिदिन 1 लाख लोगों हेतु प्रसाद (भोजन) एवं न्यूनतम 2 लाख लोगों को बैठने की व्यवस्था की समीक्षा कर अपनी तैयारी पूरी कर रहे हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि कोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन द्वारा जैसे ही कार्यक्रम की अनुमति हम सबको दी जायेगी हमारी टीम रात दिन एक करके इस कार्यक्रम को मूर्त रूप देगा।



कार्यक्रम की तैयारी में जुटे समिति के लोग।

**क्या कहती हैं प्रथम मेयर :** प्रथम महापौर ने बताया कि मुझे खुशी है गांव के मुखिया, सरपंच ग्रामीण एवं भूमि मुहैया करने वाले लोग सभी उत्साही हैं। सबका भरपूर सहयोग मिल रहा है। मैं पूरे झारखंड के सनातनियों की ओर से ओढ़नार ग्राम वासियों का तहे दिल से हार्दिक अभिनंदन करती हूं। जिनके सहयोग से झारखंड में पहली बार बागेश्वर सरकार को पलामू की धरती में लाने का ऐतिहासिक कार्यक्रम संभव होने जा रहा है। प्रथम महापौर श्रीमती शंकर ने पूरे शहर वासियों से अनुरोध किया है यह कार्यक्रम आपके शहर में एक इतिहास रचने जा रहा है, जो आप सबों के बिना संभव नहीं है। मुझे आप सबके सहयोग की अपेक्षा है।

# जनप्रतिनिधि का कर्त्तव्य पद के साथ भी और पद के बाद भी : प्रथम महापौर

■ निगम के खरीदे नये कंटेनर लगवायें और डोर टू डोर सफाई की समीक्षा करें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शहर में बढ़ते मच्छर के प्रकोप से बचाव हेतु गुरुवार को अपने निजी खर्च से सैकड़ों लोगों के बीच 16 लाख रुपये की लागत की कोल्ड फॉगिंग वॉटर बेस्ड मशीन निगमवासियों को चैनपुर बाजार महावीर मंदिर में पूजा पाठ कर समर्पित किया। मौके पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि शहर के कुछ डॉक्टरों ने मुझे एक महीने पूर्व मिल बताया कि शहर में मच्छर के प्रकोप से डेंगू का बीमारी बढ़ता जा रहा है।



**जरूरत के बावजूद कुछ नहीं कर रहा निगम :** शहर में फॉगिंग की व्यवस्था जल्द सुनिश्चित होनी चाहिए पर निगम कुछ नहीं कर रहा है। जिस पर मैंने तत्काल संज्ञान लेते हुए अपने निजी खर्च से बेहतरीन फॉगिंग मशीन (जिसका संचालन चंडीगढ़, दिल्ली जैसे शहरों में किया जाता है) खरीद कर प्रारंभ कर दी। प्रथम महापौर ने कहा इसी शहर ने मुझे नगर माता बनाया तो एक माता होने के नाते शहर के हर सुख दुख को देखना मेरा कर्त्तव्य है। ऐसे भी हर सच्चे जनप्रतिनिधि का कर्तव्य होना चाहिए पद के साथ भी पद के बाद भी जनता के लिए समर्पित रहे। प्रथम महापौर ने कहा कि मैंने 2 वर्ष कोरोना के बावजूद अपने 3 वर्ष के कार्यकाल में बहुत शौक से शहर को सजाने का काम किया है। आज मैं पद पर नहीं हूं फिर भी मैं निजी खर्च से पलामू में इतनी गर्मी पड़ने के बावजूद प्रतिदिन कई माली लगाकर चौक चौराहों का देखरेख करवाती हूं जिससे सारे पौधे हरे भरे नजर आते रहे। हर चौक चौराहे डिवाइड के लाइट बनाए जाते, महापुरुषों के प्रतिमा को धोई जाती, कोयल रिवर फ्रंट गांधी उद्यान की विशेष देखरेख की जाती है। श्रीमती शंकर ने कहा कि पूरे निगम क्षेत्र में मेरे द्वारा लगाये गये बुजुर्गों बच्चों एवं माताओं के लिए बेंच का रखरखाव किया जाता है। मोहल्ले में लगे चिल्ड्रन प्ले स्टेशन की देखरेख की जाती, पानी मशीन की देखरेख की जाती, कोयल रिवर फ्रंट एवं शहीद चौक में लगी धौलपुर की जालियां जो शहर की खूबसूरती को बढ़ा रहा जिसे कई बार असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया।

### सेवानिवृत्त शिक्षक को पांकी विधायक ने दी भावभीनी विदाई, बोले

# शिक्षक-डॉक्टर कभी रिटायर नहीं होते, उनका सम्मान करें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** गुरुवार को राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय लेस्लीगंज में बिदाई सह रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक व्यास सिंह व अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं मां शारदे की चित्र पर माल्यार्पण कर शुरुआत की। सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक अरसद हुसैन व सेवानिवृत्त जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी को भावभीनी विदाई दी गयी। मुख्य अतिथि पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता तथा विशिष्ट अतिथियों ने अरसद हुसैन एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को बुके शाल ओढ़ाकर एक फुल माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर मौजूद शिक्षकों ने भी बारी-बारी से सेवानिवृत्त शिक्षक असरद हुसैन एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल चौधरी की व्यवहार कुशलता और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की।



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित विधायक व अन्य।


**खास बातें :** विद्यालय के प्राचार्य अमरेश सिंह ने सभी अतिथियों को संबोधन में जमकर प्रशंसा की तथा अपने महत्वपूर्ण समय देने के लिए आभार प्रकट किया तथा सेवानिवृत्ति जिला शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बारे उन्होंने कहा कि इनका कार्यकाल हम सभी के लिए बहुत अच्छा रहा। शिक्षा जगत के लिए पलामू जिला में वरदान रहा। अपने अनुभव अब सबके साथ साझा करें। भगवान इन्हें लंबी आयु दें। मौके पर अजय सिंह, विजय प्रकाश, प्रतिभा कुमारी, बीस सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, प्रीतम दुबे, मुखिया रेखा देवी आदि भी थे।

# अंतरिम बजट सर्वांगीण, सर्वस्पर्शी व सर्व समावेशी : सांसद बीडी राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम ने बजट कि सराहना कि है सांसद श्री राम ने कहा कि अंतरिम बजट सवार्गीण सर्वस्पर्शी, सर्व समावेशी है तथा विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मजबूत आधारशीला का कार्य करेगा। यह बजट युवा शक्ति, महिला, किसान, एवं गरीब वर्गों चारों स्तम्भों को सशक्त बनाने का कार्य करेगा।

उन्होंने कहा कि माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने कहा कि यह अंतरीम बजट 2024-25 का सर्वसमावेशी है तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य है। अंतरिम बजट में पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 3 करोड़ घर बनाने का काम पूरा हुआ। 2 करोड़ घर अगले 5 साल में और बनाए जाएंगे। कृषि जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों पर नैनो डीएपी का प्रयोग किया जायेगा। यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और आराम के लिए 40,000 सामान्य रेलवे बोगियों को वंदे भारत मानकों में परिवर्तित किया जायेगा। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के अंतर्गत हर महीने 300 यूनिट बिजली फ्री दी जायेगी। देश में 1000 से ज्यादा नये एयरक्राफ्ट खरीदे जायेंगे। तीन नये रेल कॉरिडोर बनाये जायेंगे।



बीडी राम, पलामू सांसद।

आयुष्मान भारत का फायदा अब सभी आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी वर्कर्स को मिलेगा।

किसान हमारे अन्नदाता हैं। किसान सम्मान योजना के तहत वित्तीय सहायता दी जाती है। किसानों को कई तरह का समर्थन दिया जा रहा है। युवाओं को सशक्त कर रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बदलाव हुआ है। बच्चों के विकास के लिए अच्छी शिक्षा दे रहे हैं।

सबका साथ, सबका विकास मंत्र के साथ सरकार ने चुनौतियों पर काबू पाया और अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिली है।

# हेमंत की गिरफ्तारी पर जानें क्या है पक्ष-विपक्ष के नेताओं की प्रतिक्रिया

### बुरे काम का बुरा नतीजा : मनोज सिंह



प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भूल गये थे कि कानून सबसे ऊपर होता है। बुरे काम का बुरा नतीजा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ यह तो होना ही था। वे 40 घंटे तक गायब रहे। काश उन्होंने ईमानदारी और कानून, संविधान के प्रति आस्था और निष्ठा की जो शपथ ली थी उसका पालन किया होता तो यह दिन नहीं देखना पड़ता।

### भ्रष्टाचार पर कानून की कार्रवाई : अमित तिवारी



भाजपा पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि कोई भी नेता हो मंत्री मुख्यमंत्री हो जो भ्रष्टाचार करेगा कानून तो कार्रवाई करेगी ही। देश संविधान से चलता है कानून से ऊपर कोई भी नहीं है। हेमंत सोरेन पर जो भी आरोप लगे हैं उसकी जांच स्वाभाविक है। ईडी और सीबीआई स्वतंत्र जांच एजेंसियां है जरूर कोई तो तथ्य हाथ लगा होगा तभी तो जांच कर रही है।

### कानून से बढ़कर कोई नहीं: सांसद बीडी राम

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि कानून से बढ़ कर कोई नहीं होता है। हेमंत सोरेन को यह बात पहले ही समझ लेनी चाहिए थी। हेमंत मुख्यमंत्री के पद की गरिमा बनाये रखने में सर्वथा असफल रहे एवं झारखंड राज्य की छवि को भी धूल धूसरित करने का कार्य किया।



### झामुमो किसी भी समस्या से डरने वाला नहीं: राजेंद्र

**मेदिनीनगर।** पलामू से झामुमो के हजारों कार्यकर्ता हेमंत सोरेन के समर्थन में रांची पहुंचे जिलाअध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में मोरबादी मैदान में ईडी के कार्यवाई के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि सीएम हेमंत सोरन को ईडी द्वारा पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। हेमंत ने गिरफ्तारी के पहले अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप दिया था। जिसके बाद इंडिया गठबंधन ने अपना नेता चंपई सोरेन को विधायक दल का नेता चुना और उन्होंने राज्यपाल के समक्ष 47 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा।

■ हेमंत के समर्थन में पलामू से झामुमो कार्यकर्ता पहुंचे रांची



### ओबीसी समाज को नहीं मिला उचित हक-अधिकार



**उंटारी रोड।** ओबीसी एकता व अधिकार जागरूकता रथ गुरुवार को सिगसिगी, करकटा, जोगा सहित कई गावों में पहुंच कर सभी गांवों में नुक्कड़ सभा किया। नुक्कड़ सभा में प्रमंडलीय संयोजक सदस्य गोरख नाथ चौधरी ने कहा कि ओबीसी मोर्चा रथ का उद्देश्य आजादी से लेकर आज तक सत्तासीन लोग जो ओबीसी का हक और अधिकार को दबा कर बैठे हैं, वो लोग आरक्षण के नाम पर ओबीसी समाज की हत्या की है। आगामी 11 फरवरी को शिवाजी मैदान पलामू चलने का आग्रह किया। अजय वर्मा ने कहा की ओबीसी समाज का मकसद राजनीतिक दल और संगठन को ठेस पहुंचाना नहीं बल्कि ओबीसी को उचित हक और अधिकार दिलाना है। शंकर प्रताप विश्वकर्मा ने कहा ओबीसी का जनसंख्या के अधार पर राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने ओबीसी समाज के लोगों को 11 फरवरी को शिवाजी मैदान में आने का आग्रह किया है। मौके पर बरूण बिहारी यादव, अमर प्रसाद, विनय चंद्रवंशी, अख्तर अंसारी, पंकज गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### गांव चलो अभियान को लेकर भाजपा की बैठक



**हरिहरगंज पलामू।** पुरानी बस स्टैंड के समीप भाजपा कार्यालय में गांव चलो अभियान को लेकर गुरुवार को कार्यकर्ताओं की बैठक मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी दिनेश गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक सतेन्द्र पासवान,सह संयोजक करण राजवीर, सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा मौजूद थे। मौके पर मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने कहा कि मिशन 2024 के मद्देनजर आगामी 4 फरवरी से 11 फरवरी तक क्षेत्र में भाजपा की गरीब कल्याण नीतियों का प्रचार करना,बूथ समिति का सत्यापन, लाभार्थी से संपर्क तथा किसानों, युवाओं से संवाद करने के साथ ही केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। बैठक में गणेश शौंडिक,भीमसेन शर्मा, रघुनंदन साव, सिकंदर पासवान, विनय विश्वकर्मा, कन्हाई विश्वकर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनुपमा देवी राजेश दास, राजेश शौंडिक, संतोष शौंडिक, मनोज सोनी, पाचु यादव, कमलेश यादव, धनंजय सिंह, ओम सिंह, महेंद्र पासवान, अंबुज सिंह, पवन कुमार, संजीव सिंह, सुरेंद्र सिंह, गुप्ता साव, लखन साव, राजू गुप्ता सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पांकी विधायक ने रखी 83 योजनाओं की आधारशिला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड स्थित मौर्य फार्म हाउस में 83 विकास योजनाओं की आधारशिला एक साथ रखी। उन्होंने पूजा पाठ व नारियल तोड़कर सभी योजनाओं की आधारशिला रखा। इसमें पांकी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायत गांव में बनने वाले पीसीसी सड़क, पुल, पुलिया, सामुदायिक भवन, विवाह मंडप, चबूतरा, नाली निर्माण समेत योजनाओं की आधारशिला रखी गयी। इन पर कुल 11 लाख 34 हजार से अधिक राशि विधायक मध्य से खर्च किये जायेंगे। कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र विगत कई वर्षों से अपेक्षा का दंश झेलते आ रहा था।



### अप्रत्याशित नहीं है हेमंत की गिरफ्तारी : सतीश

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह गढ़वा जिला प्रभारी सतीश कुमार, केंद्रीय सचिव विकेश शुक्ला, केंद्रीय सदस्य तुलसी शुक्ला ने हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी पर कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी पर सत्तापक्ष के लोग हाय तोबा मचा रहे हैं। एक कहावत है कि जैसी करनी वैसी भरनी झारखेडी जनता के सपनो से खेलवाड़ करना, जनता के होठों से लाली और खुशहाली को रौंद देना।

### ओबीसी समाज को आमंत्रित करने में समाज के लोग दें बहुमूल्य योगदान : ब्रह्मदेव प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर / पांडू।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच का 11 फरवरी 2024 को शिवाजी मैदान में महासम्मेलन को सफल बनाने हेतु अभियान रथ यात्रा के माध्यम से नुक्कड़ सभा एवं प्रचार प्रसार ओबीसी समाज को आमंत्रित करने हेतु अभियान रथ गुरुवार को पांडू प्रखंड के बंदला, बरवाडीह, ढांचाबार, डाला, झरना, चनोखर, कुड़वा, पांडू पूरे पंचायत क्षेत्र में दिन भर भ्रमणशील/ नुक्कड़ सभा किया गया। जिसमें संयोजक मंडल ब्रह्मदेव प्रसाद, युगल पाल, अशर्फी चंद्रवंशी, शंकर विश्वकर्मा भी थे। संयोजक मंडल ब्रह्मदेव प्रसाद ने सभी संयोजक मंडल एवं ओबीसी समाज के अगुआ साथियों से आग्रह है कि इस अभियान रथ यात्रा में शामिल होकर नुक्कड़ सभा बृहद प्रचार प्रसार कर एवं ओबीसी समाज को आमंत्रित करने में बहुमूल्य योगदान दें।



### उंटारी के मुरमा कलां में स्टार क्रिकेट क्लब ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

# पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी बहुत ही जरूरी है : विकास दुबे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के मुरमा कलां में गुरुवार को स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुकाबला बरवाही व सतबहिनी टीम के बीच खेला गया जिसमें टॉस जिसकर बरवाही के टीम ने फील्डिंग का निर्णय लिया।

सतबहिनी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवर में 77 रन बनायी। जवाबी पारी खेलने उतरी बारवाही टीम मात्र 31 रन पर ऑल आउट हो गई। वही दूसरा मैच नौगढ़ व डाला कलां के बीच खेला जिसमें नौगढ़ की टीम 46 रन से विजयी हुई। इससे पूर्व टूर्नामेंट का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि झारखंड विकास पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सह विश्रामपुर विधानसभा प्रत्याशी विकास दुबे ने सर्वप्रथम फीता काटने के उपरांत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व बल्लेबाजी कर किया। साथ ही खिलाड़ियों को बधाई देते हेतु उनका उत्साहवर्धन किया। मौके पर मुख्य अतिथि श्री दूबे ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी है।



**खास बातें :** खेल से शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकाश होता है इसलिए खेल को हमेशा आपसी एकता व भाईचारे के साथ खेलनी चाहिए उन्होंने कमिटी को टूनार्मेंट का सफल आयोजन करने कि सराहना किया। मौके पर एएसआई मुन्ना लाल जमुदा, साधु चरण दास, महेंद्रनाथ दुबे, प्रमुख प्रतिनिधि अरूण कुमार, जयप्रकाश कुमार, अमित कुमार सहित कमेटी के सदस्य व काफी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद थे।

# विवाहिता की संदेहास्पद मौत मामले की जांच में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र सह सतबरवा प्रखंड के लोहरा पोखरी गांव निवासी सुजीत शर्मा की 24 वर्षीय पत्नी प्रियंका देवी का शव गुरुवार को लेस्लीगंज पुलिस ने उसके घर से बरामद किया है। थाना प्रभारी बिट्टू कुमार ने बताया कि प्रथमदृष्टया में महिला की सास निर्मला देवी के अनुसार मृत महिला की मौत फांसी के फंदे पर लटकने से प्रतीत होती है।

पुलिस को जानकारी दी गयी कि मृत महिला नया पीएम आवास में फांसी लगायी है जबकि पुराने खपड़ैल घर के आंगन में पड़े हुए अवस्था में पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए डाल्टनगंज के राजा मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस कई पहलुओं पर जांच करने में जुटी हुई है। इस दौरान थाना प्रभारी ने महिला के सास, पति तथा मृतका के पिता से भी जानकारी ली।



मौके पर एएसआई महेंद्र साहू, धावाडीह पंचायत की मुखिया रिंकी यादव, सुनील गांधी, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र सिंह, अशोक यादव समेत कई लोग मौजूद थे। बताया जाता है कि गुरुवार को करीब सुबह 7:30 बजे तक मृतक अपने पुराने घर पर नहीं आई तो उसकी सास नया घर में जाकर देखी तो महिला फांसी के फंदे पर दुपट्टा के सहारे झूल रही थी। महिला के साथ एक डेढ़ वर्ष के पुत्री तथा एक साढ़ू की बेटी साथ में सोई हुई थी। मौत के बाद गांव में कई तरह की चर्चाएं हैं। मृतका ने बुधवार की रात्रि में अपने पति से भी बात की थी। पति पल्हैया जुगुंर में मजदूरी करने गया था, जबकि ससुर लकवा का इलाज कराने बाहर गये हुए थे।

# वन पट्टा की आड़ में बेतहाशा उजाड़ी जा रही वन क्षेत्र, विभाग से कारवाई की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के वन क्षेत्रों में इन दिनों वन अधिकार का लाभ लेने की आड़ में अवैध तरीके से जंगलों को उजाड़ने का खेल खेला जा रहा है। व्यापक पैमाने पर जंगलों को उजाड़ कर नष्ट किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो वन रक्षा समिति के लोगो ने विभाग को इसकी सूचना दी लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि सूचना होने के बाद भी विभाग की ओर से इस पर कार्रवाई नहीं हो रही है। वन अधिकार पट्टा के तहत अपात्र लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। जिस कारण लोगो में इसका लाभ लेने के लिए होड़ मची है। जिस कारण जंगलों की अंधाधुंध कटाई जारी है। वैसे तो यह मामला करीब करीब सभी पंचायत में है। लेकिन ताजा मामला प्रखंड मुख्यालय से सटे अलौदिया पंचायत से आया है, जहां पंचायत के कारी टोंगरी टोला के पश्चिम दिशा में बड़ी मात्रा में जंगली वन क्षेत्र के पेड़ काट दिए गए हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर कुछ ग्रामीणों ने बताया कि इसमें अलौदिया पंचायत के अलावे चेटर पंचायत के लोगों का भी हाथ है। वन अधिकार का लाभ लेने के लिए लोग


काटा गया पेड़।

जंगल की कटाई कर रहे हैं। बताते चले की वन अधिकार का लाभ मुख्य रूप से भूमिहीनों के लिए है। वैसे लोग जिनके दो पुस्त जंगल के आसपास रह रहे हैं एवं भूमिहीन हैं। उन्हें जीवन यापन करने के लिए 10 से 20 डिसमिल जमीन सरकार वन क्षेत्र की भूमि वन अधिकार के तहत पट्टा पर दे रही है, लेकिन इन दिनों यहां वन अधिकार का लाभ लेने की होड़ मची है। पूरी तरह से इस कानून का दुरुपयोग हो रहा है। वन अधिकार में दी गई भूमि की खरीद बिक्री भी नहीं करनी है लेकिन प्रखंड में कई कॉरपोरेट कंपनी के आने के बाद जंगल को उजाड़ कर इस कानून का लाभ लेकर जमीन को कंपनी के पास बेचने की तैयारी चल रही है। चकला पंचायत में ऐसे कई मामले भी सामने आए हैं। चाह कर भी जंगलों को बचाने में वन रक्षा समिति पूरी तरह पंगु दिख रही है।

### क्या कहते हैं वन क्षेत्र पदाधिकारी

मामले को लेकर पूछे जाने पर वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी नंद कुमार मेहता ने बताया ऐसी कोई सूचना उन्हें नही हैं, अगर ऐसा मामला सामने आ रहा है तो जांच कर नियम संगत कारवाई की जाएगी।

# उड़ीसा से साइकिल से 1700 किमी यात्रा कर दिल्ली जा रहे सुरेंद्र का चंदवा में हुआ स्वागत

➲ 600 किलोमीटर की सफर तय करने के बाद गुरुवार को पहुंचा चंदवा

➲ मेडिकल कॉलेज और सभी ब्लॉक में सेंट्रल लाइब्रेरी की मांग को लेकर राष्ट्रपति से मिलने जा रहा है सुरेंद्र


सुरेंद्र बिश्वाल।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** जगतसिंहपुर कटक में मेडिकल कॉलेज और सभी ब्लॉक में सेंट्रल लाइब्रेरी बनाने की मांग को लेकर जगत सिंहपुर कटक उड़ीसा से दिल्ली तक साइकिल से 1700 किमी की यात्रा पर निकले सुरेंद्र बिश्वाल का चंदवा में प्रबुद्ध जनों ने स्वागत किया। सुरेंद्र विश्वाल गुरुवार की सुबह लगभग 600 किलोमीटर की सफर तय करने के बाद चंदवा पहुंचे थे। सुरेंद्र विश्वाल ने बताया कि जगत सिंहपुर कटक में मेडिकल कॉलेज व सभी ब्लॉकों में सेंट्रल लाइब्रेरी स्थापित करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति से मिलने की उम्मीद के साथ उन्होंने बीते 23 जनवरी से यात्रा शुरू की है। राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान उनका प्रयास होगा कि क्षेत्र की समस्याओं से राष्ट्रपति को अवगत करा सके। कुछ समय चंदवा में रुकने के बाद सुरेंद्र अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। बता दे की सुरेंद्र हंटरगंज, गया होते लगभग 1100 किलोमीटर की और दूरी तय कर दिल्ली पहुंचेंगे। मौके पर राजकुमार साहू, प्रमोद साहू, दीपक निषाद, रविराज, मनीष चांदो, आशीष कुमार गुड्डू, रूपेश ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे।

### शिव शनिदेव मंदिर की कलश यात्रा के साथ दो दिवसीय वार्षिकोत्सव आरंभ

# दो फरवरी को शनि अभिषेक हवन पूजन एवं भंडारा होगी आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** शिव शनि देव मंदिर के चतुर्थ वार्षिकोत्सव पर आयोजित दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के पहले दिन गुरुवार को कलश यात्रा से आरंभ हो गई। शिव शनिदेव मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो शहर का भ्रमण करते हुए औरंगा नदी के तट पर पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य यजमान एवं भक्तों ने कलश में जल भरा जिसके पश्चात पुनः कलश यात्रा मंदिर परिसर में पहुंची जहां मुख्य यजमान अनिल गुप्ता सह पत्नी रिंकी गुप्ता के द्वारा शनि देव की विधि विधान से पूजा की गई एवं भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर शिव शनि देव मंदिर के अध्यक्ष निर्मल महलका, पुजारी मनोज दास, रामनाथ अग्रवाल, कृष्णा प्रसाद मुरारी अग्रवाल, मनोज कुमार समेत भक्तजन उपस्थित थे।


कलश यात्रा में शामिल लोग।

### शिव शनि देव मंदिर के अध्यक्ष निर्मल महलका ने श्रद्धालुओं से प्रसाद ग्रहण करने की अपील

शिव शनिदेव मंदिर के अध्यक्ष निर्मल महल का ने बताया कि शिव शनिदेव मंदिर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है, जिसको लेकर गुरुवार को आज मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई एवं 2 फरवरी जनवरी दिन शुक्रवार को शनि देव भगवान का अभिषेक किया जाएगा एवं इसके बाद विधिवत पूजन एवं हवन कर भंडारा आयोजित की जाएगी उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि मंदिर परिसर में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करें।

## डुमारो पंसस ने शिविर लगाकर दर्जनों के बीच किया कंबल वितरण


कंबल वितरण करते पंसस।

**चंदवा।** प्रखंड के सुदूरवर्ती डुमारो पंचायत निद्रा ग्राम अंतर्गत हड़गड़ा टोले में गुरुवार को पंचायत समिति सदस्य संगीता देवी के पहल पर कंबल वितरण शिविर आयोजित किया गया, जहां टोले के दर्जनों गरीब, असहाय, वृद्ध व दिव्यांगजनो के बीच कम्बल का वितरण किया गया। इस दौरान पंसस संगीता देवी ने मौजूद ग्रामीणों को संचालित विकास योजनाओं की जानकारी दी व लाभ उठाने की अपील की। कहा कि प्रखण्ड प्रमुख मनीषा उरांव व उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा के प्रयास से प्रशासन द्वारा कम्बल मुहैया कराया गया था, जिसका वितरण किया जा रहा है। पंचायत में जो भी गरीब वंचित हैं, उन्हें कम्बल मुहैया कराने का प्रयास किया जाएगा। इधर पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच कम्बल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे में खुशी देखी गयी। मौके पर पंसस पति करण कुमार लोहरा, गोकुल गोप, गोवर्धन मुंडा, राजेश उरांव, इनोद मुंडा, ननका गंझू, रघुवीर गंझू समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# नवमनोनित सीएम चंपई सोरेन को इंडिया गठबंधन के नेताओं ने दी बधाई

➲ राज्य के विकास में हमसब एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े है: रामचंद्र सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** झारखंड में चल रहे सियासी घमासान के बीच झारखंड टाइगर नाम से मशहूर सरायकेला विधायक सह राज्य के कैबिनेट मंत्री चंपई सोरेन के राज्य के नव मनोनित मुख्यमंत्री बनाए जाने पर इंडिया महागठबंधन के नेताओं ने हर्ष जताया है। दरअसल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ईडी के द्वारा गिरफ्तारी के बाद सत्ता पक्ष के सभी विधायकों की सहमति चंपई सोरेन के साथ है। मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता समेत तमाम महागठबंधन के नेताओं ने चंपई सोरेन को बधाई दी है। विधायक रामचंद्र सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि माननीय चंपई सोरेन जी हम सबके अभिभावक स्वरूप है, और काफी अनुभवी तथा आंदोलनकारी नेता है। निश्चित रूप से राज्य में विकास कार्यों को जिम्मेवारी और तीव्र गति के साथ पूरा करने का काम करेंगे। झारखंड के विकास में हम सब उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े है। वहीं प्रिंस गुप्ता ने बधाई देते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग और गलत नीतियों का इस्तेमाल कर राज्य की चुनी हुई सरकार को साजिश के तहत गिराना लोकतंत्र की हत्या है। राज्य की जनता आने वाले चुनाव में भाजपा सरकार को करारा जवाब देगी। इधर नव मनोनित मुख्यमंत्री को बधाई देने वालों में जेएमएम वरिष्ट नेता शशि भूषण तिवारी, प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, युथ कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, वरिष्ट नेता अनिल सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, अवधेश मेहरा, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, अजय सिंह, नजाम खान, मुखिया बिपिन बिहारी सिंह, युवा नेता राहुल गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, पंकज गुप्ता, सुरेश मिश्रा, रंजित कु.राजू, संजीव श्रीवास्तव, अमन गुप्ता, शुभम दुबे और लक्ष्मण सिंह समेत सैकड़ों कार्यकताओं का नाम शामिल है।


चंपई सोरेन को बधाई देते नेतागण।

## बजट मुख्य रूप से गरीब, युवा, अन्नदाता व महिलाओं पर केंद्रित: उत्तम


उत्तम कुमार।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय निवासी व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तम कुमार ने अंतरिम बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट सर्वस्पर्शी व सर्वहितेशी है। बजट में सभी वर्गों का बराबर ध्यान रखा गया है। वर्तमान बजट में हवा-हवाई की बातें नहीं की गई है। सरकार में 1.4 करोड़ युवाओं को स्किल इंडिया मिशन का लाभ मिला है। युवाओं के लिए 7 IITs,16 IIITs,15 AIIMS और 7 IIMs खोले गए हैं। पर्यटन के दृष्टिकोण से सरकार लक्षद्वीप व अंडमान को विकसित करने हेतु कई कदम उठा रही है इसके अतिरिक्त किसान सशक्त बने डेयरी उत्पादन में और अच्छा कार्य हो इस हेतु भी बजट में ध्यान रखा गया है, मुख्यतः यह बजट गरीब,युवा,महिलाओं एवं अन्नदाताओं को केन्द्रित कर बनाया गया है।

# एक्सपर्ट जॉन कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर का हुआ उद्घाटन

➲ ग्रामीण क्षेत्र में कंप्यूटर शिक्षण संस्थान से युवाओं को मिलेगा लाभ: अभिषेक कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** गुरुवार को छिपादोहर थाना के समीप एक्सपर्ट जॉन कंप्यूटर सेंटर का विधिवत रूप से फीता काटकर उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि मनिका जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, मुखिया वेरोनिका कुजूर, उप मुखिया दीपा देवी और भाजयुमो जिला मंत्री अजय प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जहां बलवंत सिंह ने कहा कि आज के समय में शिक्षा के साथ-साथ कंप्यूटर की शिक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर आज की जरूरत है। इसके बिना अब जीवन की कल्पना नहीं है। वहीं मुखिया वेरोनिका कुजूर ने कहा कि छिपादोहर में एक भी कंप्यूटर कोचिंग सेंटर नहीं होने के कारण यहां के छात्र-छात्राओं को दूसरे शहरों में जाना पड़ता था। अब यहां के बच्चे कम्प्यूटर की तकनीकों से जुड़कर भविष्य में रोजगार से भी जुड़ सकेंगे। वहीं थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने भी कंप्यूटर की गुणवत्ता एवं उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ उपस्थित बच्चों को कंप्यूटर की कई जानकरियां दी। मौके पर मौजूद संचालक ओमकार यादव ने बताया कि यहां एडीसीए, ग्राफिक्स डिजाइन, डीसीए, टैली, इंटरनेट, डीटीपी, हिंदी इंग्लिश टाइपिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। वहीं सेंटर में पहला एडमिशन अरविंद कुमार ने लिया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कुमार, बृजमोहन सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।


जानकारी देते थाना प्रभारी व मौजूद अन्य अतिथि।

## एक नजर में

### मनिका प्रखंड स्थित श्योर सक्सेस सेंटर में 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई बिदाई

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के एस.बी.आई.रोड स्थित श्योर सक्सेस सेन्टर में इंटरमीडिएट विज्ञान (2022-2024) के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। वहीं शिक्षकों के द्वारा बच्चों को जैक द्वारा आगामी होने वाले परीक्षा से तनाव से बचने की सलाह दी गई एवं कैसे हम बेहद सकारात्मक दिमाग से परीक्षा की तैयारी करें और इसमें अभिभावकों की भी भूमिका बड़ी होती है। शिक्षकों ने सभी बच्चों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए परीक्षा में अधिक से अधिक अंक लाने तथा सफल होने के लिए मूलमंत्र भी दिये। मौके पर संस्थान निदेशक दीपक कुमार,व्यवस्थापक रंजीत कुमार रंजन, संचालक मनोज कुमार यादव, आनन्द भास्कर एवं रूबी खातून, सोनी, निभा, कनकलता, रिया, पूजा, लक्ष्मी, फनेश्वर, अखलेशयादव, ऋषिकेश यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।


मौके पर उपस्थित विद्यार्थी व शिक्षकगण।

# मगध परियोजना में ऑनलाइन हथकरघा बुनाई एवं एप्लिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

**बालूमाथ।** मगध-संघमित्रा क्षेत्र, सीसीएल के सीएसआर और झारक्राफ्ट के तहत मगध परियोजना के अंतर्गत आरा पीट कार्यालय में 'ऑनलाइन हथकरघा बुनाई और एप्लिक प्रशिक्षण का उद्घाटन सीसीएल के निदेशक हर्ष नाथ मिश्रा ने किया। इस अवसर पर हर्ष नाथ मिश्रा ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए मगध परियोजना के प्रबंधन को बधाई देते हुए समारोहपूर्वक सभा को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि हथकरघा मशीन का उपयोग सूती साड़ी और कपड़े बनाने के लिए किया जाता है, महिलाएं ही मुख्य रूप से हथकरघा बुनाई में शामिल होती हैं, इस शिल्प को बढ़ावा देने से ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के लिए रोजगार पैदा होगा। उद्घाटन समारोह में उपस्थित महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ ने कहा कि महिला यह प्रशिक्षण लेकर इसका लाभ उठावे। झारक्राफ्ट के डीजीएम अश्विनी सहाय एवं उनकी टीम ने हथकरघा एवम् एप्लिक मशीन से प्रशिक्षण लेने की बिधि बताई व कहा कि 25 लाख की लागत से शुरू हुआ ये प्रोजेक्ट मे हथकरघा प्रशिक्षण 14 लाख एवं एप्लिक 11 लाख का है। इस मौके पर अभिषेक आनंद सीएसआर के नोडल अधिकारी दिग्विजय कुमार, समेत कई लोगों उपस्थित थे।


कार्यक्रम में मौजूद लोग।

# पुलिस ने 17 एकड़ पोस्ता खेती को किया नष्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गुरूवार को बारियातू पुलिस ने बालुभांग पंचायत के जंगली क्षेत्र में अभियान चलाकर सतरह एकड़ में लगे अवैध पोस्ते की खेती को नष्ट किया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि लातेहार एसपी अंजनी अंजन को थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत के विभिन्न जंगली क्षेत्र के नदी किनारे अफीम माफीयाओं के द्वारा पोस्ता की खेती की जा रही है। गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाकर लगभग सतरह एकड़ भुमि पर लगा अवैध पोस्ता की खेती को ट्रेक्टर के माध्यम से नष्ट किया गया। पिछले कई वर्षो से अवैध पोस्ते की जा रही है जो पुलिस लगातार नष्ट कर रही है। खेती करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर नियमसंगत कार्रवाई की जाएगी। वहीं पोस्ता की खेती से होने वाले नुकसान के बारे मे आसपास के ग्रामीणों को लोगों को जागरूक भी किया गया था। परन्तु पोस्ता खेती थमने का नाम नहीं ले रही है। लोग धड़ल्ले से पोस्ता खेती कर रहे हैं। वैसे खेती करने व खेती मे सहयोग देने वालो के विरुद्ध भी कारर्वाई की जाएगी। अभियान में थाना पुलिस अवर निरिक्षक बिंदेश्वर महतो, सहायक पुलिस अवर निरिक्षक धर्मेश कुमार लिम्बु सहित कई जवान मौजूद थे।


पोस्ते की खेती का नष्ट करती पुलिस।

### प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा के तहत परिजन को दी गई दो लाख की बीमा राशि

**बालूमाथ।** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बीमा धारक मृतक स्व. बिजय उराव पिता मंगलदेव उराव गणेशपुर की पत्नी प्रमिला देवी थाना बालूमाथ के परिजन को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक जयन्त कुमार के द्वारा गुरुवार को दो लाख रुपये का चेक दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए शाखा प्रबंधक जयंत कुमार ने बताया की प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत जिन लोगों के द्वारा बीमा करवाया जाता है। अगर दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो जाती है तो मृतक के परिजनों को दो लाख बीमा की राशि दिया जाता है। यह सरकार की बहुत ही अच्छी योजना है। महज 20 सालाना देकर लोग इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए लोग किसी भी बैंक में जाकर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस योजना में आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आपके खाते से ऑटो डेबिट मोड के जरिए हर साल राशि खुद ब खुद कट जाएगी। मौके पर बैंक कर्मी बैंक सखी सोनी कुमारी साहु ब्रांच मैनेजर जयंत कुमार क्लर्क समीर बरला नंदकुमार यादव सुजीत कुमार आलोक धीरज मिंज संजय कुमार जी ऐन मुंडा लालू कुमार सुमित कई लोग उपस्थित थे।


बीमा राशि लेते प्रमिला देवी।

## ग्रामीणों की शिकायत पर जिप सदस्य ने किया सड़क का निरीक्षण, जताई नाराजगी

# गुणवत्ता से खिलवाड़ नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : बलवंत सिंह

➲ उपायुक्त से शिकायत कर सड़क की कराई जाएगी उच्चस्तरीय जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बरवाडीह। छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चुंगरू पंचायत में लाभर से नावाडीह होते हुए अमवाटिकर तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किए जा रहे कालीकरण के कार्य में संवेदक द्वारा निर्धारित मापदंडों के विपरीत कार्य कर सड़क की गुणवत्ता से खिलवाड़ किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसे लेकर पहले भी बवाल काटा था। बावजूद संवेदक की कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं हुआ। गुरुवार को एक बार फिर ग्रामीणों ने कार्यस्थल पर हंगामा कर लिखित शिकायत भाजपा नेता सह मनिका जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह से की है। दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने बताया है कि सड़क के निर्माण में पूरी तरह से गुववत्ता की अनदेखी की जा रही है, जिस कारण सड़क एक तरफ से बन रही है तो दूसरी ओर से उखड़ती जा रही है। ग्रामीणों की शिकायत पर बलवंत सिंह ने सड़क का निरीक्षण भी किया। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसी सड़क बनाने का कोई औचित्य नहीं है। इसमें अलकतरा का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। जिस कारण से सड़क उखड़ती जा रही है। यह छोटा मोटा भ्रष्टाचार नहीं बल्कि सरकारी रुपए के गबन का मामला है। मैं इसकी लिखित शिकायत जिले के उपायुक्त महोदय से करते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषी संवेदक पर उचित कारवाई करने की मांग करूंगा। कहा कि सड़क की गुणवत्ता से खिलवाड़ किसी भी हाल में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। मौके पर भाजयुमो जिला मंत्री अजय प्रसाद, ग्राम प्रधान कृष्ण सिंह, संजय प्रसाद, अशोक सिंह, चंद्रदेव उरांव, झरी सिंह, सहदेव सिंह, उमेश उरांव, शिवनाथ सिंह समेत पचास से अधिक की संख्या में ग्रामीण महिला और पुरुष उपस्थित थे।


हंगामा करते चुंगरू के ग्रामीण।


निरीक्षण करते बलवंत सिंह।

### पुलिस लाईन में क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम।

**लातेहार।** परिचालन रेन्ज पलामू अंतर वाहिनी खेल प्रतियोगिता के क्रम में 214 बटालियन सीआरपीएफ डालडा फैक्ट्री के द्वारा पुलिस लाईन लातेहार के मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस उप महानिरीक्षक पंकज कुमार परिचालन रेन्ज पलामू के दिशा-निर्देश पर किया गया। जिसका शुभारंभ के.डी. जोशी, कमांडेन्ट-214 बटालियन के द्वारा 29 जनवरी को किया गया था एवं समापन 31 जनवरी को किया गया। जिसमें सी.आर.पी.एफ. के परिचालन रेन्ज पलामू अंतर्गत 11, 112, 172 व 214 बटालियनों की टीमों ने हिस्सा लिया एवं अपना सर्वोच्च प्रदर्शन किया। जिसमें 214 बटालियन सी.आर.पी.एफ. की टीम विजेता तथा 172 बटालियन की टीम उपविजेता घोषित हुई।

